**श्री राजेश कुमार, भा.प्र.से., आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया द्वारा दिनांक 28.07.2025 को पूर्वा0 10.45 बजे प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, कोढ़ा का किये गये औचक निरीक्षण का निरीक्षण टिप्पणी :-**



आज दिनांक 28.07.2025 को पूर्वा0 10.45 बजे प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, कोढ़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, कोढ़ा के परिसर में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे। **आज के निरीक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पदाधिकारी/कर्मियों का दिनांक-28.07.2025 का वेतन भुगतान पर तत्काल रोक लगाते हुए जिला पदाधिकारी, कटिहार को निदेश दिया जाता है कि इस संबंध में स्पष्टीकरण पूछ कर तथा तथ्यों की जाँच पड़ताल कर वेतन भुगतान के संबंध में निर्णय लेंगे।**

1. **प्रखंड कार्यालय, कोढ़ा :-**

प्रखंड कार्यालय के अंदर साफ-सफाई का अभाव पाया गया तथा कार्यालय में रखी सामग्री एवं अभिलेख आदि अव्यवस्थित पाया गया। निरीक्षण के क्रम में किसी भी टेबल पर कर्मी कार्य करते हुए नहीं पाये गये। इससे यह परिलक्षित होता है कि कार्यालय के कर्मी कार्य के प्रति सजग नहीं है। प्रखंड कार्यालय कक्ष में Biometric Machine अधिष्ठापित पाया गया किन्तु कर्मियों द्वारा उपस्थिति पंजी के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही है। उपस्थिति पंजी का अवलोकन से कई कर्मी अनुपस्थित पाये गये। श्री दिलीप कुमार मंडल, प्रधान लिपिक के बारे में बताया गया कि आकस्मिक अवकाश पर है। श्री कोकाय पासवान, संविदा कार्यालय परिचारी अनुपस्थित पाये गये। कई अन्य कर्मी निरीक्षण के समय उपस्थित थे परंतु उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज नहीं किये थे। उनसे उपस्थिति दर्ज कराया गया। अनुपस्थित कर्मियों का नाम निम्नानुसार हैः-1. श्री दिलीप कुमार मंडल, प्रधान लिपिक 2. श्री कोकाय पासवान, संविदा कार्यलय परिचारी 3. श्री मनोहर कुमार, कार्यपालक सहायक, 4. श्री सिद्धांत कुमार 5. अंकुश बंदोपाध्याय 6. श्री गणेश कुमार अनुपस्थित पाये गये।

कार्यालय में कार्यरत कार्यालय परिचारी वर्दी में नहीं थे।

**2. अंचल कार्यालय, कोढ़ा :-**

अंचल कार्यालय में Biometric Machine अधिष्ठापित है किंतु उपस्थिति पंजी के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जाती है। अंचल कार्यालय में श्री संजीव कुमार, प्रधान सहायक आकस्मिक अवकाश पर थे। अनुपस्थित कर्मियों का नाम निम्नानुसार हैः- 1. श्री गौरव कुमार पासवान, लिपिक, 2. श्रीमति चाँदनी कुमारी, लिपिक, 3. राज कुमार, अंचल अमीन, 4. श्री गणेश प्रसाद, अंचल अमीन, 5. श्री पंकज कुमार, संविदा अंचल अमीन 7. मो0 सानीर अंसारी, कार्यपालक सहायक अनुपस्थित पाये गये।

अंचल नाजीर उपस्थित थे किन्तु अवलोकन हेतु माँगे जाने पर उनके द्वारा रोकड़ बही उपस्थापित नहीं किया गया। कार्यालय में संधारित पंजी का रख-रखाव तथा कार्यालय परिसर एवं अंदर कमरों की साफ-सफाई अच्छी नहीं पायी गयी।

**3. नगर पंचायत, कोढ़ाः-**

नगर पंचायत कार्यालय, कोढ़ा के निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित कर्मियों का नाम निम्नानुसार हैः- 1. श्री विकास कुमार, कनीय अभियंता, 2. श्री संजय कुमार साह, लेखा पाल, 3. श्री विवेक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, 4. श्री कुमार सत्यम, तकनीकी सहायक, 5. श्री सूरज कुमार सिंह, मल्टी टॉस्किंग स्टाफ, 6. श्री विशाल कुमार, डाटा ऑपरेटर, 7. श्री अवधेश सिंह, रात्री प्रहरी एवं 8. श्र सुधीर कुमार सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर।

नगर पंचायत के कार्यालय में श्री सपन कुमार पासवान, को-ऑडिनेटर तीन व्यक्तिों के साथ POS मशीन के साथ बैठे थे। पूछने पर बताया गया कि ये लोग PDS डीलर हैं जिसे मैसेज देकर

P

बुलाया गया है। PDS डीलर श्रीमति श्वेता कुमारी, नगर पंचायत, कोढ़ा तथा रविना प्रवीण, बसगाड़ा स्वयं उपस्थित न होकर अपने पति को अनाज उठाव के लिए भेजा गया था। (02)

**4. बाल विकास परियोजना कार्यालय, कोढ़ाः-**

निरीक्षण के क्रम दो महिला पर्यवेक्षिका श्रीमति साधना एवं श्रीमति पियंका भारती पाये गये। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनुपस्थित पाये गये। पूछने पर बताया गया कि क्षेत्र भ्रमण में गये है। अनुपस्थित पदाधिकारी/कर्मियों का नाम निम्नानुसार हैः- 1. श्रीमति मिन्की मासुम, सांख्यिकी सहायक, 2. श्री धमेन्द्र कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक, 3.अभिमन्यु कुमार पासवान, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, 4. श्रीमति प्रतिभा कुमार, प्रखंड समन्वयक, 5. श्रीमति प्रीति कुमार, महिला पर्यवेक्षिका अनुपस्थित पाये गये।

साथ ही महिला पर्यवेक्षिका, श्रीमति रंजिता सिंह, श्रीमति शशि सिन्हा, श्रीमति सुप्रिया तथा श्रीमति फरीदा बेगम के बारे में बताया गया कि क्षेत्र गये है। प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी का लाईव लोकेशन प्राप्त करते हुए कृत कार्रवाई का प्रतिवेदन भेजेंगे।

**5. RTPS :-**

RTPS काउटर पर कर्मी कार्यरत थे। कागजातों का अवलोकन किया गया एवं पाया गया कि आवासीय प्रमाण पत्र राजस्व अधिकारी के डिजिटल सिंगनेचर से निर्गत होता है किन्तु जाँच प्रपत्र पर संबंधित राजस्व अधिकारी का अनुमोदन बिना ही RTPS कर्मियों द्वारा upload किया जा रहा है जो RTPS कार्य प्रक्रिया का उल्लंघन है।

6. **कौशल युवा कार्यक्रम :-**

कौशल युवा कार्यक्रम की कक्षा विधिवत संचालित पायी गयी। कक्षा में बच्चों की उपस्थिति अच्छी पायी गयी। जो सराहनीय है।

---

**निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित कमिया पायी गयी :-**

- प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन अच्छी अवस्था में नहीं पायी गयी है। साफ-सफाई का उचित प्रबंध नहीं देखा गया। कार्यालय कक्ष एवं परिसर में गंदगी पायी गयी।
- प्रखंड-सह-अंचल एवं संलग्न कार्यालय में कर्मी अपने स्थान पर उपस्थित नहीं पाये गये तथा मनमाने ढ़ंग से रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज कराकर अन्यत्र घूमते पाये गये है जो नियत्री पदाधिकारी के अपने अधिनस्थ पर नियंत्रण के अभाव को दर्शाता है।
- नगर पंचायत तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय में कम उपस्थिति खेदजनक है। तथा दोनों पदाधिकारी कार्यालय से अनुपस्थित पाये गये।

---

**निरीक्षण के उपरांत निम्नांकित निदेश दिया जाता हैः-**

1. सभी कार्यालय में Biometric Machine का विधिवत अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाय। Biometric उपस्थिति के आधार पर सरकार के निदेशों के अनुसार ही वेतन/मानदेय भुगतान की कार्रवाई की जाय। RTPS, लोहिया स्वच्छ अभियान कार्यालय, Help Desk (अंचल कार्यालय के राजस्व कार्यो की जानकारी हेतु), प्रखंड कृषि कार्यालय तथा मनरेगा कार्यालय ससमय खोला जाय।
2. प्रखंड-सह-अंचल एवं संलग्न कार्यालय के संचिकाओं तथा विभिन्न पंजी के संधारण में गुणात्मक सुधार करने की आवश्यकता है।
3. सभी महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को लाल कपड़े में बांध कर तथा उसके उपर वर्ष-वार एवं विषय लिख कर सुरक्षित क्रमवार तरीके से रैंक पर रखवाना सुनिश्चित किया जाय।
4. रोकड़ पंजी, अग्रिम पंजी तथा अभिश्रव पंजी का विधिवत संधारण किया जाय।

5. अंचल अधिकारी को निदेश दिया जाता है कि भूमि विवाद तथा अतिक्रमण के मामले की सुनवाई नियमित रूप से करना सुनिश्चित करेंगे।

6. प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय।

(01)

---

जिला पदाधिकारी, कटिहार को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित समय के अनुसार प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में काम काज प्रारंभ करने की व्यवस्था करेंगे। आज के निरीक्षण में अनुपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण पुछ कर इनके आज दिनांक - 28.07.2025 के वेतन भुगतान के संबंध में 15 दिनों के अन्दर निर्णय लेंगे। जिन लोगों का अनुपस्थिति का यथेष्ट कारण न हो उनका वेतन विमुक्ति 'निंदन' के साथ किया जाए।

नगर पंचायत, कोढ़ा के कार्यालय में श्री सपन कुमार पासवान, कॉडिनेटर का पॉस मशीन के साथ बैठना गंभीर कदाचार एवं अनियमित कार्यकलाप का द्योतक है। इनसे स्पष्टीकरण पुछ कर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही कंडिका 3 में अंकित दोंनों डीलर के पति (जो अनाधिकृत रूप से उपस्थित थे) के दुकानों का औचक जाँच कराकर यथोचित कार्रवाई की जाए। चुंकि ऐसा मानने का पर्याप्त आधार है कि ये लोग किसी गलत कार्य के लिए नगर पंचायत कार्यालय में थे।

जिन CDPO/LS के संदर्भ में यह बताया गया कि क्षेत्र में हैं उनके संबंध में क्षेत्र में रहने की मोवाईल का लाईव लोकेशन के आधार पर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को मौके पर निदेशित दिया गया था।

ह0/-
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

ज्ञापांक ......4692....../ दिनांक......28/07/25......

प्रतिलिपि :- प्रखंड विकास पदा/अंचल अधिकारी/कार्यपालक पदाधिकारी/बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कोढ़ा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- अनुमंडल पदाधिकारी/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सदर, कटिहार को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- कोषागार पदाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उप-विकास आयुक्त, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- अपर समाहर्त्ता, राजस्व, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला पदाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Rajeek.
28/7/2025.
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया